# बुंदेलखंड प्राधिकरण में 1008 पदों पर होगी भर्ती

हि जॉब्स

- नए पदों को सृजित करने का आदेश जारी किया गया
- वेतन भत्तों पर आने वाला खर्च बीडा खुद उठाएगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार नवसृजित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण में विभिन्न श्रेणियों व विभिन्न वेतनमान में 1008 पदों पर भर्ती करेगी। सरकार ने इतने पदों का सृजन कर दिया है। सबसे ज्यादा 219 पद मिनिस्टीरियल स्टाफ में रखे जाएंगे।

इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग ने सोमवार रात आदेश जारी कर दिया है। इसमें प्रशासनिक संवर्ग में मुख्य कार्यपालक अधिकारी, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी व चार विशेष कार्याधिकारी के पद सृजित किए गए रखे गए हैं। प्रशासन व सामान्य वर्ग के 41 पद, वित्त एवं सेवा संवर्ग में 124 पद, उद्यान सेवा में 46 पद, विधि सेवा में 19 पद, कम्प्यूटर श्रेणी में 27 पद, जनस्वास्थ्य श्रेणी में 24 पद, मिनिस्टीरियल स्टाफ में 189 पद, रखे गए हैं। इसके अलावा निजी स्टाफ में 69 पद, तकनीकी स्टाफ में 179 पद भंडार क्रय सेवा में 15 पद सृजित किए गए हैं। रसायन सेवा में परियोजना अभियंता का एक पद रखा गया है। पहले संवर्गों के सीधी भर्ती के पदों व